मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -22 मुंबई, सोमवार, दिनांक 19 फरवरी से 25 फरवरी 2024 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

जय भवानी... जय शिवाजी...
हर मराठा पागल है...
स्वराज का... भगवे का...
और शिवाजी राजे का...
शिव जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
कदम कदम पर
परिवार की तरफ से नववर्ष हार्दिक शुभेच्छा!

शरद पवार से ज्यादा खराब स्थिति कांग्रेस पार्टी की है- चंद्रशेखर बावनकुले

मुंबई: महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कांग्रेस पर जमकर हमले किए. इस दौरान उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 2047 तक भी सत्ता में वापसी नहीं कर पाएगी. वहीं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस और शरद पवार के गुट वाली एनसीपी के पास अब कुछ नहीं बचा है. शरद पवार से ज्यादा खराब स्तिथि कांग्रेस पार्टी की है. आने वाले दिनों में कांग्रेस की हालत यह होगी कि उनकी वर्किंग कमेटी में भी कोई नहीं बचेगा. मोदी के गारंटी के आगे कांग्रेस कहीं नहीं है. बता दें कि बीजेपी ने महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए तीन नामों की घोषणा की है. इनमें मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े के अलावा अशोक चव्हाण का भी नाम है.

अशोक चव्हाण दो दिन पहले ही बीजेपी में शामिल हुए हैं. चव्हाण को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित करने के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला था. पटोले ने आरोप लगाया कि बीजेपी भ्रष्टाचारियों को इकट्ठा कर रही है. दरअसल, कुछ दिन पहले चंद्रशेखर बवानकुले ने ही कहा था कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में उथल-पुथल देखने को मिलेगी.

महाराष्ट्र के किसानों ने दूध पर मांगी एमएसपी

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र कांदा उत्पादक संगठन के बाद राज्य के एक और किसान यूनियन ने पंजाब-हरियाणा के किसान आंदोलन को समर्थन दिया है. साथ ही दूध को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में लाने की मांग की है. इस मांग को लेकर महाराष्ट्र के दूध उत्पादक किसान करीब पांच साल से सरकार से लड़ाई लड़ रहे हैं. हर साल वो सरकार से अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए एक दो बार सड़कों पर जतरते हैं और दूध बहाते हैं.

अखिल भारतीय किसान सभा के वरिष्ठ नेता डॉ. अजीत नवले ने कहा कि दूध को एमएसपी के दायरे में लाए बिना पशुपालन घाटे का सौदा रहेगा. क्योंकि अभी तो पशुपालकों की मेहनत का फल डेयरी वालों को मिल रहा है. किसानों को सिर्फ नुकसान हो रहा हैं. डॉ. नवले ने कहा कि महाराष्ट्र में रोजाना 1 करोड़ 30 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है. ज्यादातर दूध की आपूर्ति निजी क्षेत्र को की जाती है. राज्य के पशुपालक 72 परसेंट दूध निजी क्षेत्र की डेयरी को बेचते हैं, बाकी कोऑपरेटिव सेक्टर को जाता है. वर्तमान में एमएसपी न होने के कारण ये दोनों ही सेक्टर दूध का प्राथमिक उत्पादकों का शोषण कर रहे हैं. इसलिए हम चाहते हैं कि लागत के अनुसार दूध की एमएसपी तय हो.

किसानों को दूध का उचित दाम दिलाने की मांग को लेकर महाराष्ट्र में कई बार आंदोलन का नेतृत्व कर चुके डॉ. नवले ने बताया कि इस समय दूध की लागत प्रति लीटर 42 रुपये तक आ रही है, क्योंकि हरा, सूखा चारा और पशु आहार सब काफी महंगा हो चुका है. जबकि पशुपालन करने वालों को अभी सिर्फ 32 रुपये लीटर का दाम मिल रहा है. जबकि इसमें राज्य सरकार द्वारा दी गई 5 रुपये प्रति लीटर की मदद भी शामिल है. इसलिए घाटे में दूध बेचने की वजह से किसान आंदोलन पर मजबूर हैं. उपभोक्ताओं को दूध 70 रुपये लीटर मिल रहा है.

किसान आंदोलन की मांगों का समर्थन

डॉ. नवले का कहना है कि पंजाब-हरियाणा में हो रहे किसान आंदोलन को इसलिए हमारा समर्थन है क्योंकि उनकी मांगें पूरे देश के लिए है. कॉमन मांग है. जैसे उन्होंने पूरे देश के किसानों के लिए सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद गारंटी का कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय करने की मांग की है. इसमें सभी किसानों का हित शामिल है. यही नहीं किसानों और मजदूरों की कर्जमुक्ति की मांग भी सारे किसान संगठन करते हैं इसलिए हमारा इस आंदोलन को समर्थन है. एमएसपी की गारंटी मिलेगी तो पूरे देश के किसानों का भला होगा.

भारत बनेगा जगद्गुरु - स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी

हरि चैतन्यपुरी हिंदुत्व के आधार स्तंभ व देवभूमि रत्न पुरस्कार से सम्मानित

देहरादून. श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व प्रसिद्ध संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज को वेद शास्त्र रिसर्च फाउंडेशन की ओर से हिंदुत्व के आधार स्तंभ व देवभूमि रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया. पूर्व राज्यपाल व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ,पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड तीरथ सिंह रावत, प्रसिद्ध संत उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ,विनय रोहिल्ला, मधु भट्ट व अनेक सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री व अनेक प्रसिद्ध संतो द्वारा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के बीच देवभूमि रत्न व हिंदुत्व के आधार स्तंभ पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सभी ने एक स्वर में स्वीकार किया कि स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी ने भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार व सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के सम्मुख विज्ञान सम्मत संदेश को देने के रूप में योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता. पूरे विश्व में मिल रहे सम्मान के संबंध में पूछने पर महाराज ने कहा कि सभी सम्मान मेरे नहीं हैं यह भारत ,भारतीय संस्कृति व हमारे वैज्ञानिक ऋषियों के चिंतन के हैं जो हो रहे हैं, होते रहे है व होते रहेंगे. उल्लेखनीय है कि स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने देश भर की हजारों मील की पद यात्रा करके लोगों को नदियों के प्रदूषण,गौहत्या व गायों की दुर्दशा,नशा व बुरे व्यसनों,ढोंग,पाखंड व अंधविश्वासों के विरुद्ध जागरूकता पैदा कर चुके हैं. सियोल ओलंपिक स्टेडियम सियोल दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कांफ्रेंस जिसमें 102 देशों के प्रतिनिधि, अनेक राष्ट्राध्यक्ष व सवा लाख लोग एकत्रित हुए उसमें भारत का प्रतिनिधित्व करके श्री महाराज जी ने भारत का गौरव बढ़ाया. महाराज जी को बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर ऑफ इंडिया, इंटरनेशनल बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर इन हिन्दू मैथलॉजी, पर्यावरण रत्न, ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमंस में भारत गौरव व ताशकंद में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड इन पीस एंड डिवोशन के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है. लाखों लोग अपने शराब आदि बुरे व्यसनों को महाराज जी के संपर्क में त्याग चुके हैं व त्याग रहे हैं. एक दर्जन से अधिक भाषाओं के ज्ञाता व करोड़ों लोगों के पथ प्रदर्शक स्वामी हरि चैतन्य महाप्रभु कोई व्यवसायिक कथा वाचक नहीं बल्कि लोगों की भावनाओं के बल पर ही सम्पूर्ण विश्व में ही महाराज जी धर्मप्रचारार्थ जाते रहे हैं. संपूर्ण भारत वर्ष की पदयात्रा करके व आज तक हर क्षेत्र में जाकर भारतीय अध्यात्म का डंका बजाते रहे हैं. आयोजन स्थल सांस्कृतिक विभाग सभागृह विधानसभा कॉलोनी देहरादून में पधारने पर बड़ी संख्या में भक्तों ने महाराज जी का भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया.

चुनार में होटल एस एस ग्रैंड का भव्य शुभारंभ

सर्व सुविधाओं से युक्त होटल में ठहरने व खानपान की उत्तम व्यवस्था

चुनार। नगर के स्टेशन रोड पर होटल एस0एस0 ग्रैंड एंड रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी काशी प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि मडिहान विधायक रमाशंकर पटेल ने फीता काटकर किया।तत्पश्चात होटल संचालक सुभाष चन्द्र व वैभव पटेल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत अभिनंदन किया।उद्घाटन से पूर्व परिवार के सदस्यों ने विधि विधान से होटल में कथा पूजन कर उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण किया। होटल संचालक सुभाष चंद्र व वैभव पटेल ने बताया कि नगर में आने वाले पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी बेहतर खानपान व उनके रहने की उत्तम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए होटल संचालित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित ऐतिहासिक दुर्ग के साथ ही क्षेत्र में अन्य पर्यटन स्थल स्थित है। जहां विभिन्न जनपदों के साथ ही देश विदेश से भी पर्यटकों का आना जाना होता है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में वह नगर में रूकते नही है और पर्यटक प्रायः ही बेहतर खानपान एवं ठहरने के लिए जनपद मुख्यालय या फिर वाराणसी चले जाते रहे लेकिन अब वह सर्व सुविधाओं से युक्त इस होटल में ठहरने के साथ ही अपने मन पसंद का भोजन एवं नाश्ता करने के साथ ही पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर होटल में रूककर आराम कर सकेंगे।होटल शुभारंभ अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जगदीश सिंह, पूर्व विधायक जगतंबा सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख नरायनपुर अनमोल सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ रामदुलार पराया,दौलत सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह,अभिलाष राय, अखिलेश सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ राकेश पटेल प्रमुख मौजूद रहे ।

HOTEL S S GRAND

चुनार स्टेशन रोड पर स्थित होटल एस एस ग्रैंड

चुनार में होटल एस एस ग्रैंड का फीता काटकर शुभारंभ करते भाजपा काशी प्रांत के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, विधायक रमाशंकर सिंह साथ में संचालक वैभव पटेल ।

संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

बजट की धूप

अब घर और राज्य के बजट में जनता के नजरिए में अंतर है। हम बजट की धूप को सेंकना चाहते हैं, लेकिन यह नहीं चाहते कि कहीं हमारी जेब को सेंक लगे। इसलिए हिमाचल की आर्थिक स्थिति के विपरीत राज्य का बजट अपने ही मुगालते में टैक्सों से दूर, इच्छाओं से भरपूर और उधार की बेडियों से चकनाचूर होते भी मुस्कराता रहेगा। यह मोहिनी सूरत में सूरत-ए-हाल की समीक्षा नहीं, बल्कि प्रदेश की गाड़ी पर सबको बैठाने की कोशिश होगी। कुछ परतें केंद्रीय बजट की अंतरिम पेशकश से मुकम्मल की जाएंगी, तो कई खाकों में सुंदर सी घोषणाएं सजाने की मुहिम होगी। पिछले बजट की आरजू में चुनावी गारंटियों का शोर था, इसलिए इस बार विपक्ष की आलोचना में सीना फुलाने का संदर्भ होगा। जाहिर है सरकार पर्यटन की पोटली से कुछ नूर निकालने के लिए अपनी ही घोषणाओं की पात्र बन जाएगी या डेयरी की मलाई को और काढकर सरकार खोया बनाने की भट्ठी पर बजट को पहुंचाएगी। सरकार का मूल मंत्र ग्रीन राज्य की चौपाइयां सुनाता रहा है, तो निश्चित रूप से आगामी बजट में ग्रीन कोरिडोर दौड़ेंगे और चार्जिंग स्टेशन चीख-चीख कर बताएंगे कि इलेक्ट्रिक वाहनों को मिल रही सबसिडी किस गति से करंट पैदा कर रही है। हालांकि सरकार का प्रथम वर्ष अपने ही प्रथम बजट के अनुशासन में अभी मुलाकात नहीं कर सका, क्योंकि चुनावी गारंटियों की मोहलत आने वाले सालों में बिखर गई। देखना यह होगा कि इस बार का बजट और कितनी चुनावी गारंटियां ढो कर विपक्ष का मुंह बंद कर पाता है। हकीकत में मुफ्त बिजली और पात्र महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए की गारंटी राज्य की रीढ़ को झुका देगी, बजट को भिखारी बना देगी, लेकिन राजनीति को इससे क्या लेना देना। दूसरी ओर हिमाचल की जनता को अब सियासत ने आखिर कितना निकम्मा बनाना है। पहले ही राशन की सबसिडी ने प्रदेश के दो सौ करोड़ से अधिक निकाल लिए। इसी तर्ज पर मुफ्त बिजली भी बजट को कमजोर बना रही है। हमने समाज को सिर्फ सरकार से मांगने, हथियाने और गरियाने का पात्र बना दिया। प्रदेश की हर सरकार को अपने कार्यकाल के बजटों के माध्यम से ऐसा समाज सुदृढ़ करना है, जो नए करों को स्वीकार न करे। बिजली, पानी, परिवहन की दरों से जुड़े सवालों पर बजट के घाटे अब कोई अनहोनी नहीं।

नहीं रहेगा भुखिया दुखिया, नहीं रहेगा कोई कंगाल

भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी के 36वें पुण्यतिथि पर विशेष

कदम कदम पर संवाददाता

जननायक कपूरी ठाकुर जी के 36वें परिनिर्वाण दिवस पर उनके द्वारा गढ़े गए नारों तथा उन नारों में व्यक्त संकल्पों एवं उनके जीवन के रोमांचित कर देने वाले संस्मरणों को याद कर हम लोगों को भी संकल्प लेना चाहिए कि हम भी शोषित-पीड़ित-वंचित समाज को सामाजिक-आर्थिक-राजनैतिक उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के लिए शिक्षित एवं संगठित होकर संघर्ष करेंगे। सन 1917 की रूस की महान अक्टूबर क्रांति के 7 वर्ष बाद 24 जनवरी सन 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में गोकुल ठाकुर एवं रामदुलारी देवी के घर इस महानायक का जन्म हुआ और इनके जन्म के 7 वर्ष के पश्चात 23 मार्च सन 1931 को दुनिया की सबसे चर्चित घटना शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को लाहौर के सेंट्रल जेल में फांसी दी गई। भगत सिंह की शहादत के चर्चे-किस्से सुन-सुन कर कपूरी ठाकुर बड़े हुए और भगत सिंह की ही तरह अपने देश पर मर-मिटने के जज्बे के साथ ही सन् 1942 में गांधी जी के आवाहन पर ह्यअंग्रेजों भारत छोड़ोह्व आंदोलन में कूद पड़े। गिरफ्तार किए गए, जेल गए। 26 महीने जेल की यातना झेलते-झेलते देश के प्रति समर्पण और भारत को गुलामी से मुक्ति दिलाने का संकल्प और भी मजबूत होता गया। जेल से छूटने के बाद भूमिगत रहकर संगठन का कार्य करते हुए समाज को संगठित किया। द्वितीय विश्व युद्ध सन 1939 से 1945 तक चला। सोवियत संघ ने जर्मनी को परास्त कर पूरी दुनिया को हिटलर की तानाशाही से बचा लिया। ब्रिटेन में भी चुनाव हुए। सरकार बदली। लेबर पार्टी ने भारत को आजाद किए जाने की घोषणा कर दी। कैबिनेट मिशन आया, भारत विभाजन के समझौते हुए। 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों ने भारत के टुकड़े कर सत्ता अपने चहेतों को सौंप दिया। सत्ता हस्तांतरण के साथ ही भारत में समाजवादी अर्थव्यवस्था व समाजवादी शासन प्रणाली के लिए संघर्ष तेज हो गया।

26 जनवरी सन् 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। सन् 1952 में पहला चुनाव संपन्न हुआ। कपूरी ठाकुर 28 वर्ष की अवस्था में समस्तीपुर के ताजपुर से निर्वाचित होकर सदन पहुंचे। अपनी कुशाग्र बुद्धि, वाकपटुता, निर्भीकता व कुशल नेतृत्व क्षमता की बदौलत शीघ्र ही जन जन की आंखों के तारे बन गए। उन्होंने नए-नए नारे गढ़े। उनके कई नारे आज भी राजनीतिज्ञों की जुबान पर रहते हैं जैसे- ''अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो, पग-पग पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो।'' ''कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, सच हम तुमको बता रहे हैं, नया जमाना आएगा।'' ''नहीं रहेगा भुखिया दुखिया, नहीं रहेगा कोई कंगाल।'' वे 46 वर्ष की उम्र में 22 दिसंबर सन् 1970 को पहली बार बिहार प्रांत के मुख्यमंत्री बने तथा 2 जून 1971 तक इस पद पर बने रहे। दूसरी बार 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन रहे। समाज की दीन-हीन दशा से वे बहुत ही विचलित थे। राजनीति में बढ़ते पूंजी के प्रभाव व अपराधीकरण से वे बहुत ही आहत थे। उनका समाजवाद का सपना अधूरा ही रह गया और वे 17 फरवरी सन् 1988 को हम सबको छोड़ कर चले गए।

आइए ! आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर हम सभी लोग मिलकर यह संकल्प लें कि जननायक कपूरी ठाकुर जी के सपनों का भारत बनाने के लिए हमारे सामने जो भी चुनौतियां हैं, उन चुनौतियों से जूझने-लड़ने-संघर्ष करने के लिए हम शोषित-उत्पीड़ित-वंचित व दमित समाज को संगठित करेंगे, एक-सूत्र में पिरोयेंगे और कंधे से कंधा मिलाकर जाति-पांति, ऊंच-नीच, छुआ-छूत, धर्म-मजहब, क्षेत्र-भाषा, रंग-लिंग-नस्ल की खाईं को पाट कर साथ-साथ चलते हुए भारत में वैज्ञानिक समाजवाद लाने का जननायक कपूरी ठाकुर जी का सपना साकार करेंगे। धन्यवाद!

क्रांतिकारी अभिवादन के साथ
उदय राज शर्मा,
प्रांतीय सचिव,
महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन
(एम डब्ल्यू ओ)
उत्तर प्रदेश
मोबाइल नंबर
8881101925

MWO के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा का चंडीगढ़ में हुआ भव्य स्वागत

कदम कदम पर संवाददाता

चंडीगढ़ के मौली जागरा के विकास नगर में राम बहादुर शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चंडीगढ़ आकर चंडीगढ़ को गुलजार करने वाले भाइयों की दरियादिली और सक्रियता दिखी है, महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ.) इकाई के गठन के प्रयासों को धार देने के लिए संस्था के अध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा का आकस्मिक कार्यक्रम चंडीगढ़ हेतु बना। बहुत ही कम समय में वहां पर लोगों का एकत्रित होना यह साबित करता है कि समाज से वास्ता व सरोकार रखने वाले संवेदनशील लोग हर जगह हैं। लोगों ने अपने नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए घनश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आकर चंडीगढ़ में रहने वाले तमाम सम्मानित साथियों व अनेक कार्य में जुड़े हमारे लोग, जो अब तक सिर्फ अपने कार्यों तक सिमटे रहते थे उनको एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए एक प्रयास किया जा रहा है।ताकि सभी लोग एक दूसरे के काम आवे और उन सब लोगों को भी समाज की मुख्य धारा में जुड़े रहने का अवसर प्रदान होता रहे और आगे बोलते हुए कहा कि जल्द ही चंडीगढ़ कमेटी का मजबूती से गठन किया जाएगा और रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम बहादुर शर्मा व संचालन राकेश शर्मा एवं पारसनाथ प्रजापति ने किया।

महापद्मनन्द वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (M.W.O.)
उत्तर प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री
के चण्डीगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत
कार्यकर्ता सम्मेलन एवं चण्डीगढ़
सौजन्य से :

मौके पर राजकुमार शर्मा, राम ललन शर्मा, अनुज शर्मा, सुशील शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, हरिकेश कुमार शर्मा, शीतला प्रसाद, विवेक शर्मा, मेवालाल पाल, राम बक्स शर्मा, शिवकुमार शर्मा, मेवा लाल शर्मा, उमेश शर्मा, राजेश कुमार, बंटी शर्मा, झगरू राम, सोनू यादव, नंदकिशोर, धर्मेंद्र कुमार, राममिलन शर्मा, हरिलाल प्रजापति, त्रिभुवन शर्मा, हीरालाल शर्मा, रिंकू शर्मा, दीपक शर्मा, अजय कुमार शर्मा, राम शर्मा, विपिन शर्मा, दयाल शर्मा, पंचूराम वर्मा, श्रीराम शर्मा, सोनू शर्मा, दिनेश शर्मा, मोनू शर्मा, राजेश सिंह, हरकेश सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा
शंकर शर्मा (शिवा)
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. ९४५२७९१५७०
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

राकेश शर्मा बने राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी

लखनऊ, ऊजार्वान युवा नेता राकेश शर्मा के कार्य कुशलता को देखते हुये अभिषेक यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष जी लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी ने राकेश शर्मा को राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्ति किये राकेश शर्मा के नियुक्ति से युवाओं में हर्ष उल्लाश छा गया ! राकेश शर्मा ने कहा पार्टी ने जो ज़िम्मेदारी दी हैं मैं उस ज़िम्मेदारी को पूरे ईमानदारी से निभायेंगे और प्रदेश के युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई में सदैव तत्पर रहेंगे! राकेश शर्मा के नियुक्ति पर सभी समाज के लोगो ने दी बधाई अनिल शर्मा मुंबई से भी दी शुभकामनाएँ.

अनिल शर्मा ने प्रदीप शर्मा सिलवासा से की शिष्टाचार मुलाकात

सीलवासा, युवाओं को जोड़कर ही सामाजिक चेतना को बढ़ाया जा सकता हैं वरिष्ठ समाज सेवक श्रीप्रसाद शर्मा बदलापुर निवास स्थान सीलवासा में प्रदीप शर्मा से किया गया सिस्टाचार मुलाकात अनिल शर्मा ने कहा अपनों से मिलना और सामाजिक चेतना को जगाना ही सबसे बड़ी समाज सेवा है ! प्रदीप शर्मा ने कलेक्टर शर्मा उद्योगपती मुंबई, हरिशंकर शर्मा उपसंपादक ,सतीश शर्मा का अपने निवास स्थान पर किया भव्य सत्कार । और प्रदीप शर्मा ने कहा समाज के सहयोग के लिए मेरा कोई भी सेवा होगा हम सदैव समाज के लिए तत्पर रहेंगे

संघठन के पदाधिकारी शादी समारोह मे पहुंचकर दी आशीर्वाद

जौनपुर, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जनपद जौनपुर निवास सराय चौहान मुंगरा बादशाहपुर श्री सुरेश शर्मा के यहां लड़की की शादी में शिरकत कर रहे राष्ट्रीय संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा भदोही जिला के जिला अध्यक्ष भाई कैलाश नाथ शर्मा एवं भदोही जिले की तमाम पदाधिकारी जिसमें शिरकत किया संगठन मंत्री भदोही राजेश शर्मा

सहित सभी लोगों ने वर बधू को आशीर्वाद प्रदान किया और संस्था के माध्यम से समस्त आए हुए बाराती घरती को एक नया संदेश दिया गया धन्यवाद राजेश शर्मा संस्था संगठन मंत्री भदोही

अनिल शर्मा ने संजय शर्मा वापी से की शिष्टाचार मुलाकात

वापी, भजन, गजल गीतकार व हसमुख मिजाज के धनी युवा समाज सेवक संजय शर्मा वापी से अनिल शर्मा ने किया सिस्टाचार मुलाकात अनिल शर्मा ने कहा संजय जी गाँव से चलकर शहर तक की जो पहुँच बनाई वो अपने आप में कबीले तारीफ है! संजय शर्मा जी से कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया । संजय शर्मा ने कलेक्टर शर्मा उद्योगपती मुंबई, हरिशंकर शर्मा उपसंपादक ,सतीश शर्मा ,ऋषिकेशशर्मा का अपने ऑफिस में किया भव्य सत्कार ।

ललाट म्युजिकल आर्ट्स, ठाणे द्वारा छोटेलाल शर्मा जी का भव्य सम्मान

ललाट म्युजिकल आर्ट्स, ठाणे द्वारा आयोजित सदाबहार गीतों की सुनहरी यादें की भव्य संध्या में मुख्य अतिथि ‘‘कदम कदम पर’’ न्युज पेपर मुंबई के संपादक सम्मा. श्री छोटेलाल शर्मा जी का भव्य सम्मान संस्था द्वारा किया गया।

अध्यक्षता श्री रवि जोशी वरिष्ठ संगीतज्ञ ने किया। छोटेलाल शर्मा जी ने गायक कलाकारों की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि मुझे जब भी अवसर मिला मैं आऊंगा और यहाँ आना अपना सौभाग्य समझूंगा। उनके सम्मान में गायक गायिकाओं द्वारा रफी, मुकेश, किशोर, मन्नाडे, लता, आशा भोसले के सुपर हिट गीतों की भव्य प्रस्तुति की गयी।

आज के इस कार्यक्रम में अनिल राणे, डॉ. वफा सुलतान पुरी, सुंदर कटारिया, उमाकांत वर्मा, श्रीराम शर्मा, रसिक शाह, संजय दाभाडे की प्रमुख उपस्थिति रही। ललाट के संपादक उमाकांत वर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार) एवं प्रेमांजलि साहित्य संस्था, मुंबई के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा (कवि आर्टिस्ट) ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वैजापुर तालुका पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से सेवानिवृत्त तलाठी अशोक पवार खंडालकर को समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए अध्यक्ष धोंडी राम सिंह राजपूत सर, उपाध्यक्ष सालुंके, शिरोडे सर, पी.डी. शेटे, सचिव शेलके साहेब आदि।

महाराष्ट्र शासन
सुराज्याचा मार्ग
दाखवणाऱ्या
रयतेच्या
राजाला
मानाचा मुजरा!
“छत्रपती शिवाजी महाराजांचं कार्य
आजही भारताच्या इतिहासाला गौरवान्वित करतंय.”
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री
www.mahasamvad.in MaharashtraDGIPR MahaDGIPR
माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

एक जरुरी एलान... आ रहा है कदम कदम पर राष्ट्रीय अखबार का गुडीपाडवा विशेषांक

देश का लोकप्रिय साप्ताहिक ''कदम कदम पर''आगामी दिनों में कलरफूल ''गुडीपाडवा विशेषांक'' प्रसिद्ध करने जा रहा है। यह विशेषांक दमदार और जोरदार रहेगा। इसमें अदभुत जानकारियां परोसी जाएगी। जो आपके लिए महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करेगी। इस विशेषांक को दमदार बनाने के लिए जोरशोर से मेहनत की जा रही हैं ।

हमारें डिजिटल मिडिया की ब्यूरो एडिटर नेहासिंह इस विशेषांक का संपादन कर रही हैं। उसमें वरिष्ठ पत्रकार स्पर्श देसाई उनको पुरा सहयोग करेंगे। राष्ट्रीय अखबार ''कदम कदम पर''की इस अनूठी पहल पर आपसे गुजारिश हैं कि आप इस विशेषांक को आपकी शुभकामनाएं के तहत छोटी बड़ी एडवर्टाइज /शुभकामना संदेश जरुर दे। जिसकी मूल्यराशि मामुली होगी । आपके बजट में होगी।

इस विशेषांक में आप अपने कारोबार को बढ़ावा मिले,उस हेतू भी फूल पैज/आधा पैज एडवरटाइज जरुर दे। इससे आपको फायदा यह हैं कि आपकी एडवरटाइज अखबार में तो प्रसिद्ध होगी ही पर साथ में हमारी कदमकदम पर बेवसाइट पर भी आपकी यह एडवरटाइज रखी जाएगी । इस तरह कोम्बो एडवर्टाइज का फायदा मिलेगा। हमारी आपकी लाडली नेहासिंह की हौंसला अफजाई करने के हम आपसे आपकी एडवरटाइज के लिए अपेक्षा रखते हैं, आशा है कि आप हमे निराश नहीं करेंगे। धन्यवाद। एडवरटाइज के दर जानने के लिए आप हमें मोबाइल से संपर्क कर सकते हैं।

आपका विश्वासु छोटेलाल शर्मा

महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे के बयान से आई गर्माहट



मुंबई, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा एक रैली में बयान दिया गया कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहते हैं कि हम कभी आपके दुश्मन नहीं थे। आज भी दुश्मन नहीं है। वह और शिवसेना उनके साथ थी। ऐसा बयान उद्धव ठाकरे द्वारा दिए जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में यह हलचल पैदा हो गई कि शायद भविष्य में एक बार फिर से उद्धव ठाकरे भाजपा के साथ गठबंधन कर सकते है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि भाजपा नेताओं ने भी दबे सुर में कहना शुरू कर दिया है कि राजनीति में दरवाजे कभी बंद नहीं होते हैं । दरअसल साल 2023 में विपक्षी पार्टियों ने भाजपा के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए एक गठबंधन बनाया जिसका नाम ''इंडिया'' रखा गया और इसमें करीब 28 दल एक मंच पर उस समय आए थे और उन्होंने एकजुटता की बात की थी लेकिन साल 2024 के आगाज के साथ ही विपक्षी पार्टियों की ये एकजुटता कमजोर होने लगी थी। बिहार में नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन को करारा झटका दिया तो महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा जिस तरह का बयान दिया गया हैं उससे लोग यह सोचने लगे कि शायद अब नीतीश कुमार की तरह उद्धव ठाकरे भी'' इंडिया'' गठबंधन को झटका दे सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो फिर यह ''इंडिया'' गठबंधन खासतौर से कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं होगा क्योंकि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का मजबूत जनाधार है और वह सीएम की कुर्सी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। ऐसे में यदि वह खुद को गठबंधन से अलग कर लेते हैं तो यह महाराष्ट्र की राजनीति में गठबंधन के लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा हालांकि अभी हाल ही में एक प्रोग्राम में शिरकत करने पहुंचे महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने इन राजनीतिक सरगर्मियों पर एक बड़ा बयान दिया था। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा था कि भाजपा अब कभी उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन नहीं करेगी। डिप्टी सीएम फडणवीस ने भले ही यह बात कही हो लेकिन फिर भी कहा जाता है कि राजनीति संभावनाओं का खेल है तो जाहिर सी बात है यहां पर कभी भी कुछ भी हो सकता है ? यह तो भारत की राजनीति हैं।रिपोर्ट नेहासिंह

दिनांक 14-2-24 को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, दक्षिण क्षेत्र, श्री अभिनव देशमुख जी से उनके कार्यालय में मुलाकात एक यादगार मुलाकात रही।

मिलिंद देवरा ने राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया

मुंबई, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद मिलिंद मुरली देवरा ने शिवसेना(शिंदे)से राज्य सभा के लिए विधान भवन में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर सूशीबेन शाह, राजाराम देशमुख,सुनील नरसाले,प्रकाश राउत,हेमंत बहुधनकर,बराया के अलावा शिसेना(शिंदे)और मिलिंद देवरा के सैकड़ों समर्थकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।विधान भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्व मुरली देवरा का शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के साथ अच्छा सम्बंध था।महाराष्ट्र राज्य के तरुणतड़फदार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।अब हम उनके साथ मिलकर महाराष्ट्र राज्य के सम्पूर्ण विकास के लिए मजबूती से काम करेगें।

पालघर में मछली पकड़ने वाले युवक का खूंखार शार्क ने काटा पैर...

पालघर : महाराष्ट्र के पालघर में एक हैरान करने वाली घटना हुई है। जहां मछली पकड़ने के लिए नदी में उतरे युवक पर एक शार्क ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के एक पैर को 200 किलो वजनी शार्क ने चबा लिया। उसकी हालत गंभीर है। जबकि शार्क की मौत हो गई है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक, पालघर जिले में वैतरणा खाड़ी में मछली पकड़ने गए 32 वर्षीय शख्स का पैर शार्क द्वारा काट लेने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हैरानी की बात यह है कि शख्स पर हमला करने वाली खूंखार शार्क की मौत हो गई है। फिलहाल पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मुंबई कांग्रेस विचार विभाग की और से लोक संगीत कार्यक्रम संपन्न

(मुंबई) अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विचार विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा आदरणीय डॉ.गिरजा व्यासजी के निदेर्शानुसार मुंबई अध्यक्ष आमदार श्रीमती वषार्ताई गायकवाड़ जी व पूर्व मुंबई अध्यक्ष आदरणीय श्री संजय निरुपम जी एवं जिला अध्यक्ष श्री क्लाईव डायस जी के मार्गदर्शन में तथा मुंबई कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष श्री राकेश यादव जी के नेतृत्व में गुरुवार 15 फरवरी को को शाम 6:00 बजे माघी गणपति,वसंत पंचमी तथा छत्रपति शिवजी जयंती के पावन अवसर पर उत्तर पश्चिम जिला,दिंडोशी विधानसभा ब्लॉक 41 में लोकसंगीत के कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इस लोक संगीत कार्यक्रम में बहुत सारे कांग्रेसी कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। यह कार्यक्रम गुरुवार को शाम 5:00 बजे,15 फरवरी को श्री कृष्णा नगर, शिवसेना शाखा के सामने, संतोष नगर, गोरेगाँव (पूर्व) में आयोजित हुआ था और देर रात तक चला था। ऐसा 41 ब्लॉक अध्यक्ष विचार विभाग रमाशंकर गुप्ता ने बताया था।

रिपोर्ट स्पर्श देसाई



आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंध की समय सीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंध की समय सीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों की समय सीमा 29 फरवरी से बढ़ाकर 15 मार्च कर दी है। इसमें कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहक खातों,प्रीपेड उपकरणों,वॉलेट में आगे कोई जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। FASTags या नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड 15 मार्च के बाद ब्याज और कैशबैक के अलावा ।
Report by KKP

By Neha Singh
17/02/2024 13h39 • Updated 1 hour ago

मुंबई कांग्रेस विचार विभाग ने अंजू बडोलाजी को पारितोषिक देकर सम्मानित किया

रिपोर्ट: स्पर्श देसाई

... /मुंबई कांग्रेस विचार विभाग कार्यालय में एआईसीसी विचार विभाग समन्वयक अंजू बडोलाजी ने सदीचा भेट दी और पार्टी की किस तरह बढ़ाई जय यूएसपर चर्चा हुई बडोला जी का स्मृति चिन्ह

देकर सत्कार किया गया मुंबई कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्ष राकेश यादव मुंबई कांग्रेस महासचिव तुषार गायकवाड़ रमेश कांबले चंद्रकांत निर्भावने और ताज भाई मुंबई कांग्रेस विचार विभाग उपाध्याय डॉ नंदिनी कुलकर्णी अख्तर अली सिद्दीकी, उपाध्यक्ष इरशाद खान, बी एस समाई महासचिव इस्माईल सारंग, सचिव सुनील यादव एमडी बनारस वाला, सह सचिव समीर सोलकर, कलिना तालुका अध्यक्ष विजय कुदरकर, शोभा तपासे, उपाध्याय यूसुफ बेग, वार्ड नंबर १६४ अध्यक्ष रहीस खान, सोशल मीडिया संयोजक स्पर्श देसाई, जैक रिपोर्टर, रवि यादव, कल्पना कुमारी, और सभी लोग उपस्थित थे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com